तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 2 जनवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

6

कक



## खबर संक्षेप

### चरणबद्ध तरीके से होगी कार्ययोजना

**कोरबा।** कलेक्टर ने रिस्दी रोड में निर्मित विवेकानंद शैक्षणिक परिसर के विभिन्न कक्षों एवं उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से परिसर की वर्तमान स्थिति, अधोसंरचना एवं संभावित उपयोग के संबंध में जानकारी प्राप्त की। विवेकानंद शैक्षणिक परिसर के प्रत्येक कक्ष का उद्देश्यपूर्ण और अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भवन को शीघ्र उपयोग में लाने हेतु स्पष्ट एवं चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाए, जिसमें आवश्यक संसाधन, सुविधाएं एवं समय-सीमा निर्धारित हो।

### सीआईएसएफ का हरित संकल्प, किया गया पौधरोपण

**कोरबा।** नववर्ष के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए सीआईएसएफ यूनिट एसईसीएल बिलासपुर के अंतर्गत दीपका एवं गेवरा परियोजना में तैनात बल सदस्यों द्वारा गेवरा क्षेत्र में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के उप महानिरीक्षक निर्विकार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान उप महानिरीक्षक श्री निर्विकार ने पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की और उपस्थित बल सदस्यों को संबोधित करते हुए वृक्षों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर कुल 501 विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प भी लिया। स्थानीय स्तर पर इस पहल की सराहना करते हुए इसे औद्योगिक क्षेत्र में हरित वातावरण विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन ने पीड़ित बच्चों को मुक्त कराया

**कोरबा।** जिले में बाल विवाह एवं ट्रेफिकिंग के खिलाफ विभिन्न जिला स्तरीय विभागों के साथ जागरूकता, प्रशिक्षण एवं अभियान आयोजित किये गये जिससे बाल विवाह एवं ट्रेफिकिंग कम हुई। जेआरसी के 250 से भी ज्यादा सहयोगी संगठन बाल अधिकारों की सुरक्षा व बच्चों के खिलाफ अपराधों की रोकथाम के लिए देश के 451 जिलों में काम किया जा रहा है। बचाव, सुरक्षा व अभियोजन की रणनीति पर अमल करते हुए इस नेटवर्क ने 1 जनवरी तक देशभर में 1 लाख 98 हजार 628 बाल विवाह रोके हैं। जेआरसी के द्वारा देशभर में समन्वित कार्रवाइयों का असर यह रहा कि बाल सुरक्षा की दिशा में यह एक ऐतिहासिक साल रहा। जिला प्रशासन, पुलिस, ग्राम पंचायतों और शिक्षकों के साथ मिलकर हमने जमीन पर जो किया है।

### दीपका में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक महोत्सव का हुआ आयोजन

**कोरबा।** दीपका में लोक संस्कृति और परंपराओं को समर्पित एक भव्य सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया (गैर-राजनीतिक संगठन) छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना और गौरव पथ संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम ने क्षेत्र में छत्तीसगढ़ी अस्मिता और सांस्कृतिक गौरव की नई अलख जगाई।महोत्सव का मुख्य आकर्षण छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोक नृत्य रहे कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में राऊत नाचा, सुवा नाचा, पंथी, कर्मा और गेंड़ी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं इन नृत्यों के माध्यम से कलाकारों ने राज्य की ग्रामीण परंपराओं प्रकृति पूजा और गौरवशाली विरासत को जीवंत कर दिया कार्यक्रम के दौरान पूरा क्षेत्र तालियों की गड़गड़ाहट और लोक संगीत की धुन से गूंज उठा। आयोजक समितियों के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य आधुनिकता की दौड़ में पीछे छूट रही अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करना है।

# एसईसीएल बोर्ड ने नरईबोध विस्थापितों के लिए जरहाजेल में पुनर्वास स्थल को दी मंजूरी

## 74.71 एकड़ भूमि को पुनर्वास स्थल के रूप में किया जाएगा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

एसईसीएल के निदेशक मंडल ने गेवरा ओसीपी ओपन कास्ट प्रोजेक्ट के नरईबोध गांव के विस्थापितों के पुनर्वास और पुनर्वस्थापन के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है बोर्ड ने कुसमुंडा क्षेत्र के अंतर्गत जरहाजेल गांव की 74.71 एकड़ (30 हेक्टेयर) भूमि को पुनर्वास स्थल के रूप में उपयोग करने के प्रस्ताव को आधिकारिक स्वीकृति दे दी है।

यह निर्णय केन्द्र सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा सीबीए ए एंड डी अधिनियम 1957 के तहत अधिग्रहित भूमि के बहुउद्देशीय उपयोग के लिए जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप लिया गया है। बोर्ड द्वारा भूमि की प्रकृति और कोयला उपलब्धता पर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि यद्यपि जरहाजेल की भूमि कोयला युक्त है, लेकिन सीएमपीडीआईएल की रिपोर्ट के अनुसार यहाँ केवल भूमिगत खनन ही संभव है। वर्तमान में यहां कोयला उत्पादन की लागत लगभग 2309-2936 प्रति टन इसकी अधिसूचित कीमत 1600 प्रति टन से कहीं अधिक है। आर्थिक रूप से अलाभकारी होने के कारण इस भूमि का उपयोग पुनर्वास जैसे सामाजिक कार्यों के लिए करना सर्वोपरि समझा गया। भविष्य में भूमि धंसने की आशंकाओं को खारिज करते हुए एसईसीएल ने उन्नत तकनीकी समाधानों पर जोर दिया है। सुरक्षा उपाय, सैंड स्टोइंग और पेस्ट फिल जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा ताकि भूमि की स्थिरता बनी रहे। स्थिरता जांच क्षेत्र सुरक्षा अधिकारी द्वारा डंप का निरीक्षण कर उसे स्थिर पाया गया है। नागरिक अवसंरचना साइट पर जल निकासी प्रणाली और रिटेनिंग वॉल का निर्माण किया जाएगा ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की सुरक्षा संबंधी समस्या न हो।

### खास बातें

- एसईसीएल ने उन्नत तकनीक सुविधाओं पर दिया जोर
- जल निकासी और रिटर्निंग वाल का किया जाएगा निर्माण




### पुनः विस्थापन की आवश्यकता नहीं

प्रबंधन ने आश्वस्त किया है कि इन सुरक्षा उपायों के बाद ग्रामीणों को भविष्य में दोबारा विस्थापित करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी स्थानीय पार्षद और ग्रामीणों ने भी इस प्रक्रिया के प्रति अपनी सहमति और विश्वास व्यक्त किया है सुरक्षा सुनिश्चित करने की पूरी जिम्मेदारी कंपनी प्रबंधन की होगी। इस निर्णय से गेवरा परियोजना के विस्तार और नरईबोध गांव के निवासियों के व्यवस्थित पुनर्वास का मार्ग प्रशस्त हो गया है, जिससे क्षेत्र के औद्योगिक विकास के साथ-साथ सामाजिक स्थिरता भी सुनिश्चित होगी।

## 930 हेक्टेयर में ली जा रही थी धान की फसल

# जिले में धान खरीदी के दौरान 9 हजार से अधिक किसानों ने सरेंडर किया रकबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में इस वर्ष भी धान खरीदी के दौरान किसानों के द्वारा रकबा सरेंडर किया जा रहा है। ऐसे किसानों के द्वारा रकबा सरेंडर किया जाता है। जहां धान की फसल ली जाती लेकिन यह पड़त जमीन के रुप में दर्ज रहती है। इस वर्ष 9 हजार 400 किसानों ने रकबा सरेंडर किया है। जिसमें 930 हेक्टेयर की फसल शामिल है।

रकबा सरेंडर करने के बाद धान खरीदी के दौरान पड़त जमीन के रिकार्ड के आधार पर धान बेचने वाले धान तस्करों के खेल में रोक लग जाती है। पिछले कुछ वर्षों से पड़त भूमि के रिकार्ड के आधार पर अवैध धान बेचने के मामले लगातार सामने आ रहे थे। जिनपर कार्यवाही के लिए प्रशासन के द्वारा समय समय पर कार्यवाही की जाती रही है। पिछले दो वर्षों से जिला प्रशासन रकबा सरेंडर की कार्यवाही करा रहा है। इस वर्ष अब तक 9 हजार 400 किसानों के द्वारा रकबा का सरेंडर किया गया है। कुल 930 हेक्टेयर रकबे में ली गई धान की फसल शामिल है। अब इस फसल को किसान मंडी में नहीं बेच सकेंगे। इसके रिकार्ड किसानों के नाम खसरा नंबर और रकबा सहित मंडी में दर्ज किया गया है ताकि इस खसरे और रकबे के रिकार्ड के आधार पर किसान अपना धान न बेच सके। रकबा सरेंडर करने की इस कार्यवाही से अवैध धान बेचने के मामले में शामिल रहने वाले दलालों और गांव के व्यापारियों में भय व्याप्त है। प्रशासन के द्वारा लगातार गांव पहुंचकर अवैध धान भंडारण में कार्यवाही भी की जा रही है। बीते डेढ़ माह से प्रशासन अवैध धान भंडारण के खिलाफ कार्यवाही करते हुए लगभग 2 हजार क्विंटल धान जब्त किया गया है।

### खास बात

- बीते वर्ष भी किसानों ने रकबा किया था सरेंडर



### किसानों से रकबा सरेंडर कराया जा रहा है

धान खरीदी प्रक्रिया के दौरान किसान रकबा सरेंडर कर रहे हैं। अब तक 9 हजार 400 किसानों ने अपना रकबा सरेंडर किया है। जिसके तहत 930 हेक्टेयर में ली जाने वाली धान की फसल किसान नहीं बेच सकेंगे। इसके साथ ही धान खरीदी की लिमिट बढ़ाई जा रही है। पूर्व में 70 हजार क्विंटल की गई थी। अब उसे बढ़ाकर 89 हजार क्विंटल किया जा रहा है। **-घनश्याम कंवर,** जिला खाद्य अधिकारी

### लिमिट बढ़ाने का फिर आया आदेश

धान बिक्री के लिए लिमिट कम किए जाने के कारण किसानों के बीच पनप रहे आक्रोश और उनकी मांग को देखते हुए जिला प्रशासन ने एक बार फिर धान की खरीदी की लिमिट बढ़ाई है, पूर्व में जिले में धान खरीदी की लिमिट बढ़ाते हुए 70 हजार क्विंटल की थी। बुधवार को आदेश जारी कर इस लिमिट को 89 हजार क्विंटल किया गया है इस तरह एक पखवाड़े पूर्व बढ़ाई गई लिमिट में 19 हजार क्विंटल और अधिक बढ़ोत्तरी कर दी गई है अब एक दिन में सभी उपार्जन केंद्र 89 हजार क्विंटल धान की खरीदी कर सकेंगे।

### 11 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी

जिले में 52 हजार से अधिक किसान धान विक्रय के लिए पंजीकृत है। जिले में 1 जनवरी तक की स्थिति में 11 लाख 46 हजार 650 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जिला प्रशासन द्वारा समितियों से धान का उठाव भी शीघ्रता से कराया जा रहा है। अब तक 82 हजार 2484 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। जिला प्रशासन द्वारा हाथी प्रभावित क्षेत्रों एवं संवदेनशील धान खरीदी केन्द्रों से प्राथमिकता से धान का उठाव किया जा रहा है। जिससे किसानों को धान बेचने में परेशानी न हो। साथ ही किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए संग्रहण केन्द्रों की व्यवस्था एवं समितियों में धान की स्टेकिंग कराकर स्थान बनाया गया है।

# युवकों ने तेज रफ्तार कार एवं बाइक में सायरन बजाकर मचाया हुड़दंग


कार्यवाही करती यातायात पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में कुछ युवकों द्वारा तेज रफ्तार कार और बाइक में पुलिस सायरन का इस्तेमाल करने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस वाहन चालकों की तलाश में जुटी हुई है। सायरन बजाकर हुड़दंग मचाने वाले युवकों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में दिख रही कार का नंबर न तो सरकारी था और न ही टैक्सी परमिट वाला। यह कार पहले भी कई बार सड़क पर तेज रफ्तार में सायरन बजाते हुए देखी गई है। लोग अक्सर इसे किसी अधिकारी या बड़े नेता का वाहन समझते हैं, लेकिन बताया जा रहा है कि इसमें सामान्य युवक सवार थे, जो अक्सर मुख्य सड़कों पर इस तरह की हरकतें करते हैं। इसी तरह बुधवार की रात घंटाघर मुख्य मार्ग में तीन बाइक सवार युवक भी हूटर और लाउडस्पीकर के माध्यम से सायरन बजाते हुए सड़क पर हुड़दंग मचाते दिखे। इन तीन वाहनों में दो एक्टिवा और एक बाइक शामिल थी, जिन पर नंबर प्लेट नहीं थीं। इस हरकत से राहगीरों में डर और असुविधा पैदा हुई। युवक सुभाष चौक से घंटाघर मार्ग होते हुए रवि शंकर मुख्य मार्ग की ओर चले गए। बताया गया है कि इनकी ऐसी हरकतें पिछले कुछ दिनों से देखी जा रही हैं, जिससे शहर में लोगों में चिंता है। शहर में कई कारें ऐसी भी हैं जिन पर ब्लैक फिल्म लगी हुई है और जो सड़क पर तेज गति से दौड़ती दिखाई देती हैं। पुलिस ने इस तरह के वाहनों पर सख्त कार्रवाई की आवश्यकता जताई है। पुलिस ने बताया कि वे अपराधियों और वारंटियों की धरपकड़ के लिए लगातार अभियान चला रहे हैं। इसके साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों और सड़क पर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमित रूप से कार्रवाई जारी है।

# अब व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में आंतरिक शिकायत समिति गठित करना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि निजी क्षेत्र का संगठन, उपक्रम, उद्यम संस्थान, प्रतिष्ठान, सोसाईटी, न्यास, गैर-शासकीय संगठन, इकाई अथवा सेवा प्रदाता जो वाणिज्यिक, व्यावसायिक, शैक्षिक, मनोजरंजन, औद्योगिक, स्वास्थ्य सेवाएं अथवा वित्तीय क्रियाकलाप कर रहा हो, जिसमें उत्पादन, आपूर्ति, विक्रय, वितरण, अस्पताल अथवा नर्सिंग होम, खेलकूद का संस्थान, स्टेडियम, खेल परिसर, प्रतियोगिता अथवा खेल का स्थान आदि निजी क्षेत्र जहां 10 या 10 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी कार्यरत हैं वहां अधिनियम के धारा 04 के अनुसार आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाना अनिवार्य है। समिति में महिला जो कार्यस्थल के कर्मचारियों में से वरिष्ठ स्तर के हो अध्यक्ष होगी, कर्मचारियों में से महिलाओं के लिए प्रतिबद्ध अथवा सामाजिक कार्य में अनुभव रहने वाली 2 सदस्य व गैर शासकीय संगठन, संघ से 1 सदस्य होगें, आधे से अधिक महिलाएं सदस्य हो सकती है। समिति का कार्यकाल 3 वर्ष का होगा। समिति का गठन नहीं होने पर अधिनियम की धारा 26 के अंतर्गत 50 हजार रूपये का जुर्माने का प्रावधान है। प्रशासन द्वारा इस पर सभी कार्यालय, व्यवसायिक प्रतिष्ठान जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है वहां समिति का गठन अनिवार्य है। अतः जिले के सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में समिति गठन कर उसे पोर्टल में ऑनबोर्ड कर आंतरिक शिकायत समिति के पदाधिकारियों का विवरण एण्ट्री करना अनिवार्य है।

### खास बात

- समिति गठित नहीं होने पर 50 हजार रुपए जुर्माने का है प्रावधान

# महिलाओं ने सतरेंगा के जंगल में अवैध शराब और भट्टियों को किया नष्ट, कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पर्यटन स्थल सतरेंगा में नव वर्ष पर पर्यटकों की संख्या बढ़ने के साथ ही अवैध महुआ शराब की बिक्री और इससे होने वाली अशांति भी बढ़ गई है। इसे देखते हुए स्थानीय महिलाओं ने अवैध शराब के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों ने पहले ही क्षेत्र में नशाबंदी लागू कर रखी है।

हाथों में डंडे लिए महिलाओं को देखकर अवैध महुआ शराब बनाने और बेचने में जुटे लोग मौके से फरार हो गए। इसके बाद महिला समिति ने जंगल में छिपाकर रखी गई भट्टियों और तैयार की जा रही अवैध शराब को खोज-खोजकर नष्ट किया। महिलाओं ने भट्टी में चढ़ी शराब को भी मौके पर ही बहा दिया। महिला समिति का कहना है कि सतरेंगा एक प्रमुख पर्यटन स्थल बनता जा रहा है और यहां किसी भी तरह की अशांति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि नशाबंदी का सख्ती से पालन कराया जाएगा और अवैध शराब के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। इस कार्रवाई के बाद गांव में शांति व्यवस्था को लेकर सकारात्मक माहौल देखा जा रहा है। सतरेंगा निवासी गोमती बाई ने बताया कि पर्यटन स्थल पर काफी लोगों का आना-जाना है, लेकिन अवैध शराब की बिक्री से माहौल खराब हो रहा है। यहां मारपीट और गाली-गलौज जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। इसकी शिकायत पहले भी की जा चुकी है, लेकिन अंकुश नहीं लग पा रहा है। गायत्री बाई ने बताया कि छोटे बच्चे भी शराब के आदी हो रहे हैं और बाहर से आने वाले पर्यटक भी यहां महुआ शराब खरीदकर पी रहे हैं, जिससे पर्यटन स्थल का पूरा माहौल बिगड़ रहा है। इसकी शिकायत कलेक्टर से की गई है।


शराब भट्टी को नष्ट करतीं महिलाएं।

## अब अधिग्रहित भूमि पर बिना अनुमति की निर्माण कार्य होगा अपराध

# हरदीबाजार और सरईश्रृंगार में अवैध निर्माण पर कार्रवाई, मुआवजा होगा शून्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल दीपका परियोजना के विस्तार में बाधा बन रहे अवैध निर्माणों पर जिला प्रशासन ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए हरदी बाजार और सरईश्रृंगार क्षेत्र में धड़ल्ले से जारी निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी है। कोल धारक अधिनियम की धारा 9 के प्रकाशन के बाद भी प्रभावित क्षेत्रों में किए जा रहे अवैध निर्माणों को देखते हुए कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि अधिग्रहित भूमि पर धारा 9 के बाद किए गए निर्माणों के लिए किसी भी प्रकार का मुआवजा देय नहीं होगा।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाली रोहित कुमार सिंह के नेतृत्व में तहसीलदार हरदीबाजार अभिजीत राजभानु, राजस्व अमला, पुलिस बल और एसईसीएल अधिकारियों की संयुक्त टीम ने दोनों गांवों में व्यापक कार्रवाई की। टीम ने मौके पर पहुँचकर पाया कि कई निर्माण युद्ध स्तर पर जारी थे, जिन पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए गए। हरदी बाजार क्षेत्र में 55 निर्माणाधीन मकानों पर नोटिस चस्पा कर निर्माण कार्य रुकवाया गया, जबकि सरईश्रृंगार में 29 अवैध ढांचों को चिन्हित कर विधिक कार्रवाई प्रारंभ की गई। प्रशासन ने दोनों क्षेत्रों की घेराबंदी कर यह भी चेतावनी दी कि यदि निर्माण कार्य जारी पाया गया, तो निर्माण सामग्री जब्त कर दी जाएगी। जारी नोटिस में यह साफ उल्लेखित किया गया है कि धारा 9 के प्रकाशन के बाद किए गए निर्माण अवैध माने जाएंगे, उनका मूल्यांकन शून्य होगा तथा भविष्य में ऐसे ढांचों के बदले किसी ⏭ शेष पेज 3 पर


ग्रामीणों से बातचीत करते एसईसीएल के अधिकारी।


कार्यवाही करने पहुंची टीम।

### धान विक्रय से सम्बंधित शिकायतों के लिए हेल्प नंबर जारी

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर खाद्य विभाग द्वारा किसानों को धान विक्रय के दौरान होने वाली किसी भी असुविधा से बचाने के लिए जिला प्रशासन ने समाधान नंबर 9691901259 जारी किया है। इस नंबर पर किसान टोकन काटने में आ रही परेशानी, रकबा में त्रुटि से जुड़ी शिकायतें तथा धान खरीदी से संबंधित अन्य समस्याएँ दर्ज करा सकेंगे। यह सुविधा कार्यालयीन दिवसों में प्रातः 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक उपलब्ध रहेगी। इसके अतिरिक्त, किसान टोल फ्री नंबर 1967 पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिला प्रशासन ने सभी कृषकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत संपर्क कर आवश्यक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।


मान. प्रेमचंद पटेल
(विधायक, कटघोरा विधानसभा क्षेत्र)
को जन्मदिन
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
गंगा पटेल
अध्यक्ष-जन भा.समिति. शास. मुकुटधर कॉलेज कटघोरा
उमाकांत डिक्सैना
भाजपा, कटघोरा
मनदीप जयसवाल
युवा नेता, कटघोरा
रूपेश डिक्सैना
भाजपा, कटघोरा
अमित जायसवाल
विधायक प्रतिनिधि - न. पा. प. कटघोरा


जीवेत शरदः शतम्
कटघोरा विधायक
मा.प्रेमचंद पटेल जी
को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई...
यशवंत राठौर
व्यास राठौर
यदुराज राठौर
विधायक प्रतिनिधि-एस.ई.सी.एल. दीपका
कोषाध्यक्ष-भाजपा मंडल हरदीबाजार

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों को कराया गया अडानी पावर प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण

**बरपाली।** शासकीय हाई स्कूल पीड़िया के विद्यार्थियों को अडानी पॉवर प्लांट का औद्योगिक शिक्षणक भ्रमण कराया गया। इस दौरान स्कूली बच्चे काफी उत्साहित दिखे। शासकीय हाईस्कूल पीडिया विकासखण्ड करतला में स्थित है जिसके छात्र छात्राओं को अडानी पावर लिमिटेड द्वारा शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिसमें पीडिया स्कूल के छात्र छात्राएं एवं शिक्षक शामिल थे। बच्चों को अडानी पावर प्लांट के कर्मचारी प्रेमशंकर साहु द्वारा प्लांट में बिजली निर्माण की प्रक्रिया, सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग और कोयला एवं पानी से बिजली बनने की थ्यौरी एवं प्रेक्टिकल को दिखाया गया। स्कूली बच्चों को बायलर, चिमनी, टर्बाइन आदि के बारे में विस्तार से बताया गया एवं कुन्नेवेयर बेल्ट से कोयला ले जाने की प्रक्रिया भी दिखाया गया। पम्प हाउस की जानकारी दिया गया। छात्रों को बताया गया कि जिले से तमिलनाडू, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश बिजली भेजा जाता है। इस दौरान प्राचार्य श्रीमती कुजुर, अशोक नायक, देव कुमार कुम्हार, श्रीमती प्रीति पण्डा, प्रेरणा एवं मुरारीलाल जायसवाल शामिल थे।

### दीपका में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक महोत्सव का हुआ आयोजन



**कोरबा।** दीपका में लोक संस्कृति और परंपराओं को समर्पित एक भव्य सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया (गैर-राजनीतिक संगठन) छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना और गौरव पथ संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम ने क्षेत्र में छत्तीसगढ़ी अस्मिता और सांस्कृतिक गौरव की नई अलख जगाई।महोत्सव का मुख्य आकर्षण छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोक नृत्य रहे कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में राऊत नाचा, सुवा नाचा, पंथी, कर्मा और गेंड़ी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं इन नृत्यों के माध्यम से कलाकारों ने राज्य की ग्रामीण परंपराओं प्रकृति पूजा और गौरवशाली विरासत को जीवंत कर दिया कार्यक्रम के दौरान पूरा क्षेत्र तालियों की गड़गड़ाहट और लोक संगीत की धुन से गूंज उठा। आयोजक समितियों के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य आधुनिकता की दौड़ में पीछे छूट रही अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करना और नई पीढ़ी तक इसे पहुंचाना है यह आयोजन राजनीति से परे होकर विशुद्ध रूप से छत्तीसगढ़ी अस्मिता को समर्पित रहा।

### अखिल भारतीय सतनामी महासभा का मना स्थापना दिवस



**कोरबा।** अखिल भारतीय सतनामी महासभा के स्थापना के 100वां वर्ष पूरा होने पर महंत बाड़ा बिलासपुर राजमहंतों द्वारा सतनामी सम्मान स्वाभिमान शताब्दी वर्ष यात्रा निकालकर अखिल भारतीय सतनामी महासभा के संस्थापक गोसाई अगम दास एवं उनके राजमहंत नैनदास महिलांगे, गौ भक्त राजमहन्त जुगतूराम सोनवानी, रति राम कौशले मालगुजार राजमहंत अंजोर दास कोशले, राजमहंत रनसाय कोसरिया अन्य महंत जनों द्वारा सतनामी समाज के सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक स्थिति, शैक्षणिक स्थिति राजनीतिक स्थिति को मजबुती, सुदृढ़ीकरण एवं सर्वांगीण विकास सम्मान पूर्वक जीवन जीने अधिकार दिलवाने वर्ष 1924-25 में गठन किया गया था जिनके तहत मध्यप्रदेश में 108राजमहंत, जिला महंतों की नियुक्ति कर सामाजिक व्यवस्था के संचालन मुख्य रूप गुरु, महंत भंडारी छड़ी दार अथगवा कमेटी के माध्यम किया जाता रहा है। वर्ष 1914-15 में गौ माता की सेवा करते गौ हत्या रोकने करमन डीह, ढाबाडीह, नागपुर में ब्रिटिश सरकार द्वारा संचालित बूचड़खाना संघर्ष कर बंद करवाया, एवं 1925-26 में सीपी बरार नागपुर में पिटिशन दायर कर सतनामियों को सम्मान स्वाभिमान पूर्वक जीवन जीने अधिकार दिलवाए उनके कार्यों को याद करते उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर रेशम लाल कुर्रे जिला अध्यक्ष सतनामी समाज, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमल किशोर पटेल, सरपंच पीतांबर पटेल संत ऋतुदास, धर्मसिंह बर्मन आदि उपस्थित थे।

## पृष्ठ 11 का शेष

### हरदीबाजार और सरईश्रृंगार...

भी प्रकार का हर्जाना या नौकरी प्रदान नहीं की जाएगी। सरईश्रृंगार में ग्रामीणों ने प्रशासन की समझाइश के बाद स्वयं आगे बढ़कर अपने ढांचों पर नोटिस चस्पा कर सहयोगात्मक रुख दिखाया। राजस्व विभाग ने पुनः स्पष्ट किया है कि अधिग्रहित भूमि पर बिना अनुमति किसी भी प्रकार का निर्माण दंडनीय अपराध है और ऐसे निर्माणों पर मुआवजा नहीं दिया जाएगा।

# हसदेव नदी के दोनों किनारों पर रिवर फ्रंट निर्माण की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**नमामि हसदेव सेवा समिति ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**



अलग खबर

नमामि हसदेव सेवा समिति ने जिले की जीवनदायिनी हसदेव नदी के दोनों किनारों पर दर्री बांध से कुदुरमाल पुल तक रिवर फ्रंट निर्माण को लेकर कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा है।

यह कदम हसदेव नदी के प्रदूषण को कम करने, इसके संरक्षण को सुनिश्चित करने और नदी के तट पर सुविधाओं के निर्माण के उद्देश्य से उठाया गया है। समिति का मानना है कि रिवर फ्रंट निर्माण से ना केवल पर्यावरणीय सुधार होगा, बल्कि स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं भी मिलेंगी। समिति ने दर्री बांध से कुदुरमाल पुल तक रिवर फ्रंट निर्माण का प्रस्ताव दिया है ताकि नदी के किनारों को साफ किया जा सके और प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। यह योजना नदी के संरक्षण के लिए केवल एक तकनीकी कदम नहीं है, बल्कि यह नदी के साथ जुड़ी संस्कृति और पारिस्थितिकी को बचाने का एक गंभीर प्रयास है। हसदेव नदी का पर्यावरणीय और सामाजिक महत्व बहुत बड़ा है और इसे बचाने के लिए स्थानीय और प्रशासनिक स्तर पर प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। समिति ने कलेक्टर से शीघ्र निर्णय लेने की अपील की है ताकि रिवर फ्रंट निर्माण की प्रक्रिया को जल्द से जल्द शुरू किया जा सके। समिति का यह भी कहना है कि रिवर फ्रंट निर्माण केवल एक शुरुआत है। इसके बाद भी नदी के संरक्षण के लिए निरंतर निगरानी और उपाय किए जाने चाहिए। नदी के आसपास के क्षेत्रों में प्रदूषण को पूरी तरह से खत्म करने के लिए प्रशासन को लगातार कार्य करना होगा। समिति का मानना है कि इस योजना को कार्यान्वित करने से हसदेव नदी का पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत होगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए यह नदी एक स्थायी संसाधन बन सकेगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान संरक्षक श्रेष्ठ सिंह ठाकुर, अध्यक्ष चन्द्र किशोर श्रीवास्तव, कार्यकारी अध्यक्ष रणधीर पाण्डेय, उपाध्यक्ष शैलेश पाण्डेय, संयुक्त सचिव विजय कुमार राठौर, आचार्य प्रमुख रवि शंकर मिश्रा, श्री हनुमान चालीसा पाठ प्रमुख अखिलेश भारती आदि उपस्थित थे।

### प्रबंधन अपनी जरूरत के अनुसार श्रमिक संगठनों के साथ करता है बैठक व वार्ता

# कोल इंडिया में हैं कई कमेटियां, फिर भी लंबित हैं कर्मियों से जुड़े कई मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक समय कोल इंडिया के अलावा इसकी हर कंपनी सहित एरिया व परियोजना स्तर पर सभी कमेटियों में मजदूरों के सुख सुविधाओं के अलावा माइंसों के रखरखाव पर चर्चा होती थी। मजदूर संगठनों के दबाव के बाद प्रबंधकीय स्तर पर इसका असर भी दिखता था। लेकिन अब प्रबंधन अपनी जरूरत के अनुसार मजदूर संगठनों के साथ बैठक व वार्ता करता है।

कोल इंडिया स्तर की कई कमेटियों के बावजूद कर्मियों से जुड़े कई अहम मुद्दे लंबित पड़े हैं। इसमें मुख्य रूप से मेडिकल अनफिट का मामला है, जो वर्ष 2016 से कोल इंडिया में बंद है। इसके अलावा पेंशन रिवीजन का मामला लंबित है। 11वें वेतन समझौता की पेंशन रिविजन नहीं हो पायी है। कुछ मामलेसीएमपीएफ के कारण, तो कुछ यूनिट की लापरवाही के कारण लंबित हैं। सेवानिवृत्त 14 हजार कर्मियों को 1 जनवरी 2017 से लागू 20 लाख रुपये ग्रेच्यूटी राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है। वहीं सीपीआरएमएस कोष में फंड की कमी है। सेवानिवृत्त कर्मियों के आवास लीज का मामला भी अधर में है। छोटे-छोटे चारपहिया वाहन चालकों के वेज का सवाल तथा ठेका मजदूरों को हाइ पावर कमेटी की अनुशंसा के अनुसार वेज व अन्य सुविधाएं दिलाने की लड़ाई आज तक जारी है। एटक के श्रमिक नेता लखनलाल महतो ने कहा कि पहले सभी कमेटियों की बैठक में प्रबंधन व मजदूर संगठन मजदूर व माइंस समस्याओं को लेकर गंभीर तथा संवेदनशील रहते थे। जैसे-जैसे आउटसोर्स का दौर बढ़ रहा है, मजदूर समस्याएं बढ़ रही हैं। बीएमएस के रवींद्र कुमार मिश्रा का कहना है कि सीसीएल व एरिया स्तर पर रन करने वाली कमेटियों की बैठक नियमित नहीं होने से मजदूर समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाता है। ढोरी एरिया में सिविल का 13 करोड़ का फंड इएंडएम में ट्रांसफर कर दिया गया, जिससे सिविल के तहत होने वाले कार्य लंबित है।

**ये हैं कोल इंडिया स्तर की कमेटियां**

कोल इंडिया स्तर पर कोल इंडिया एपेक्स, वेलफेयर, सेफ्टी कमेटी के अलावा जेबीसीसीआइ मानकीकरण, सीपीआरएमएस तथा प्राकृतिक आपका कमेटियां हैं। कोल इंडिया एपेक्स, वेलफेयर, सेफ्टी कमेटी की बैठक साल में दो बार किये जाने का प्रावधान है। कोल इंडिया एपेक्स की बैठक में मुख्य रूप से उत्पादन-उत्पादकता पर चर्चा होती है। इसके अलावा मजूदरों के नीतिगत मुद्दों पर प्रस्ताव रखा जाता है। कोल इंडिया वेलफेयर कमेटी की बैठक में मजदूरों के आवास, पानी, स्वास्थ्य, बिजली सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा होती है, जबकि कोल इंडिया सेफ्टी कमेटी की बैठक में खदानों की सुरक्षा को लेकर चर्चा होती है। जेबीसीसीआइ मानकीकरण कमेटी की बैठक में कोयला मजदूरों के वेतन समझौता के सभी मामलों को इम्प्लीमेंट किया जाता है। सीपीआरएमएस की बैठक में रिटायर कोलकर्मियों की हेल्थ सुविधा को लेकर चर्चा की जाती है।

**कमेटी की नहीं होती नियमित बैठक**

सीसीएल स्तर पर भी जेसीएसी, वेलफेयर व सेफ्टी कमेटी और एरिया व परियोजना स्तर पर एसीसी, वेलफेयर, सेफ्टी, हाउसिंग कमेटी होती है। कंपनी स्तर पर जेसीएसी, वेलफेयर व सेफ्टी कमेटी की बैठक साल में हर तीन माह में होनी है, लेकिन कभी भी इसकी नियमित बैठकें नहीं होती है। वहीं, एरिया व परियोजना स्तर पर भी एसीएसी, पीसीसी, वेलफेयर व सेफ्टी कमेटी की बैठक नहीं होती है। कई एरिया में हाउसिंग कमेटी नहीं है। सेफ्टी कमेटी की बैठक दो स्तर पर होती है। एक ट्राइपरटाइट तथा दूसरा बाइपरटाइट। ट्राइपरटाइट में डीजीएमए, प्रबंधन व यूनियन के लोग रहते हैं, जबकि बाइपरटाइट में सिर्फ डीजीएमएस व प्रबंधन के लोग रहते हैं। सेफ्टी की बैठक भी डीजीएमएस की उपलब्धता के अनुसार प्रबंधन करता है। सीसीएल स्तर पर भी कमेटियों की बैठक नियमित नहीं होने से कई समस्या है। खासकर मजदूर आवासों की मरम्मत, नालियों व गार्बेज की सफाई, पेयजल आपूर्ति व्यवस्था, ठेका मजदूरों की समस्याएं, सुरक्षा के दृष्टिकोण से माइंसों का रखरखाव, प्रदूषण आदि विषयों पर ठोस प्लान नहीं बन पाता है।

## दो कारों की आमने-सामने टक्कर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दर्री क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में दो कारों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में कार में सवार लोगों को चोट पहुंची है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### बारिश से हुए जर्जर सड़कों का अब तक नहीं हुआ मरम्मत



**मड़वारानी।** मड़वारानी से पठियापाली मार्ग में जर्जर हो चुकी है। बारिश के समय से सड़क इतना ज्यादा खराब हो गया है कि इस चलना मुश्किल हो गया है। ड़वारानी से पठियापाली मार्ग पर स्थिति घाठाद्वारी के पास सबसे ज्यादा खराब है। बारिश के बाद मरामत कार्य के नाम पर खानापूर्ति किया गया था जिसके कारण आने जाने वाले ग्रामीणों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। लबेद पहुंच मार्ग स्थित ग्राम घाठाद्वारी के पास पीडब्ल्यूडी सड़क भी जर्जर हो चुकी है। सड़क पर बने गड्ढे में नाली का पानी बहकर भर जा रहा है। जिसके चलते आने जाने वाले ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है।

## पंतोरा स्कूल के हेल्थ केयर विद्यार्थियों ने की 10 दिवसीय इंटर्नशिप ड्यूटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंतोरा हेल्थ केयर के विद्यार्थियों ने व्यवसायिक प्रशिक्षक नुकेश कुमार फरिकार के मार्गदर्शन में पंतोरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में किया इंटर्नशिप कार्य, सीखा मरीज सेवा का व्यावहारिक अनुभव कक्षा 11वीं एवं 12वीं हेल्थ केयर के विद्यार्थियों ने अपने पाठ्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पंतोरा में 10 दिवसीय इंटर्नशिप ड्यूटी सफलतापूर्वक की। इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थियों ने डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के मार्गदर्शन में मरीजों की देखभाल, प्राथमिक उपचार, स्वच्छता, अस्पताल प्रबंधन, फाइल मेंटेनेंस तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लिया। विद्यार्थियों ने मरीजों से संवाद करना, समय पर सहायता देना एवं अस्पताल के नियमों का पालन करना सीखा। अस्पताल प्रशासन ने विद्यार्थियों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की इंटर्नशिप से छात्रों में सेवा भावना, जिम्मेदारी और अनुशासन का विकास होता है। वहीं विद्यार्थियों ने बताया कि यह अनुभव उनके भविष्य के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में करियर के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

### मेधावी छात्राओं को साईकिल वितरण

**कोरबा।** भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय व्यावसायिक कार्यालय निहारिका द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा एवं शासकीय हाई स्कूल पोड़ीबहार की 10 मेधावी छात्राओं को नव वर्ष पर भारतीय स्टेट बैंक की कार्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम सेजेस साडा के विद्यालय प्रांगण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसबीआई के रीज़नल मैनेजर आदर्श श्रीवास्तव ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा सीएसआर मद से विद्यालय की प्रतिभावान छात्राओं को साइकिल वितरित करने से न केवल बालिकाओं के आत्मविश्वास में वृद्धि होती है, बल्कि आवागमन में लगने वाला उनका समय भी बचता है, जिससे छात्राएं अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकती हैं। उन्होंने अपने उद्बोधन में छात्राओं से बेहतर स्वास्थ्य के लिए साइकिल का महत्व समझने कहा।

## युवा महोत्सव में सृष्टिकांत ने विज्ञान मॉडल पर हासिल किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पुरस्कार प्राप्त करती छात्रा सृष्टिकांत

प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर में 11 वीं की छात्रा कुमारी सृष्टिकांत ने राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में नवाचार विज्ञान मॉडल बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया। इस कार्य के लिए उन्हें राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया है। बिलासपुर स्थित स्टेडियम में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें कोरबा के 18 विधाओं में चयनित विद्यार्थियों, प्रतिभागियों की टीम भी हिस्सा बनी। जिसमें तीन विधाओं क्रमशः नवाचार विज्ञान मॉडल, एकांकी नाटक, छत्तीसगढ़ी वेशभूषा विषय पर शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय कोरबा की 13 सदस्य टीम ने भी भाग लिया। नवाचार विज्ञान मॉडल सक्रिय कार्बन का उपयोग करके इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रेसिपिटेटर आधारित वायु शोधन विषय पर तैयार किए गए विज्ञान मॉडल को राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इस शानदार उपलब्धि के लिए छात्रा कु सृष्टिकांत को महामहिम राज्यपाल रमेन डेका के करकमलों से सम्मानित किया गया।

## धनीराम मेमोरियल स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



प्रतियोगिता के शुभारंभ मौके पर मार्च पास्ट करते छात्र।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धनीराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल तुमान में बीते दिनों वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नीतीश ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के द्वारा किया गया। स्कूल के निदेशक डॉ. विवेक रंजन महतो ने अतिथि और विशेष अतिथियों का स्वागत किया। छात्रों ने विभिन्न उपकरणों के साथ कई तरह के अभ्यास प्रस्तुत किए और विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। अभिभावकों ने कार्यक्रम की सराहना की और स्कूल में एक उत्सव जैसा माहौल था। इस दौरान ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धाओं, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल और रिले दौड़ सहित विभिन्न खेलों और गतिविधियों का आयोजन दिन भर किया गया। छोटे बच्चों के लिए रस्साकशी और धीमी साइकिल दौड़ जैसी मनोरंजक गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं। विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। खेल दिवस का समापन एक समापन समारोह के साथ हुआ। प्रतियोगिता से छात्रों के बीच एकता और खेल भावना को बढ़ावा दिया।

## गौरी-गौरा विसर्जन में शामिल हुए कटघोरा विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

ग्राम बोईदा आनंद नगर में गौरी-गौरा का विसर्जन किया गया। शोभायात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। शोभायात्रा आनंद नगर, गुड़ी चौक, गौंटियापारा होते हुए बड़े तालाब पहुंची जहां गौरा गौरी की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। वहीं मनोकामना की पूर्ति के लिए शोभायात्रा के सामने महिलाएं लेटीं। गौरा की ओर से बलदेव जगत के यहां से और गौरी के घर महेन्द्र मरावी के घर बारात लेकर जाते हैं और गौरी के पक्ष से बारात का स्वागत किया गया। बैगा पुजारी द्वारा विधि विधान से विवाह संपन्न कराया गया और भक्तजन जागकर गौरा गौरी की गीत गाते हैं। विवाह के अवसर पर दूधफरा वितरण किया गया। विसर्जन यात्रा में शामिल हुए कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि के लिए आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि दुष्यंत शर्मा, जनपद सदस्य अंजनी कौशल श्रीवास, सरपंच संजय राज, राजकुमार मरावी, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल, मन्नू राठौर, बलदेव जगत, रामकुमार मरावी, दुर्गेश मरावी, परदेशी पटेल, अमृत पटेल, फुल सिंह कंवर, केतन मरावी, अनिता मरावी, सावित्री मरावी, शिवकुमारी जगत, उत्तरा मरावी, सविता मरावी, गितेश जगत, अनिल ध्रुव, तुलाराम ओटी, शेखर पटेल, दिशा, पूर्वी, शिवानी, शिवम, मनीष, लल्ला जगत, हनुमान दास मानिकपुरी, द्वारिका यादव, छत्तु मरावी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



विसर्जन यात्रा में शामिल महिलाएं।

## महापौर ने दिव्यांग रतिराम, यूनोर्स व दिलीप को वितरण किया ट्रायसिकल



दिव्यांगों को ट्राइसिकल देती महापौर व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने नगर निगम क्षेत्रांतर्गत गोपालपुर बस्ती निवासी रतिराम चौहान, रामपुर निवासी यूनोर्स राज व राताखार निवासी दिलीप कुमार को इलेक्ट्रिक ट्रायसिकल प्रदान की। निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली गोपालपुर निवासी रतिराम चौहान व रामपुर निवासी यूनोर्स राज पैरों से दिव्यांग हैं तथा उन्हें कहीं भी आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है, गुरुवार को निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत परिसर में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने श्री चौहान व श्री राज को इलेक्ट्रिक ट्रायसिकल प्रदान की। वहीं हितग्राही रतिराम चौहान, यूनोर्स राज व दिलीप कुमार ने महापौर श्रीमती राजपूत के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इलेक्ट्रिक ट्रायसिकल प्राप्त हो जाने के कारण अब हमें कहीं भी आने जाने में किसी प्रकार की असुविधा व परेशानी नहीं होगी। इस मौके पर वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी, वरिष्ठ नेत्री रूकमणी नायर, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी हरिश सक्सेना, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, मनोज राजपूत आदि उपस्थित थे।

1 korba-pg4_Layout 1 1/1/2026 11:41 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### दो सूने मकानों में चोरों का धावा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** चोरों ने हाईकोर्ट आवासीय परिसर के दो सूने मकानों में धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर व नकद रकम चोरी कर ली है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, रहंगी रोड हाईकोर्ट आवासीय परिसर निवासी वैशाली नागरिया पति लक्की नागरिया 32 साल 24 दिसंबर को शीतकालीन अवकाश में अपने घर के दरवाजे का सेंट्रल लाक बंद कर मायके जबलपुर चली गई थी। 1 जनवरी 2026 को सुबह 4.30 बजे वे घर लौटीं तो दरवाजे का सेंट्रल लाक व दीवार टूटी दिखी, अंदर में सामान अस्त व्यस्त पड़े थे। दोनों आलमारी टूटी हुई थी और उसमें रखे सोने की दो जोड़ी बाली, एक जोड़ी झुमका, एक सोने की रिंग, तीन जोड़ी पायल, दो जोड़ी बिछिया, 3 हजार रुपए नकद की चोरी हो गई थी। इसी तरह कालोनी में रहने वाले पिताम्बर प्रसाद साहू के दरवाजे का कुण्डी तोड़कर पूजा स्थल से चिल्हर 2000 रुपए, दो चांदी का सिक्का, दो नग चादर चोरी कर लिया है। दो सूने मकानों में चोरी की वारदात से कालोनी में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस कालोनी पहुंचकर दोनों मकानों का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने दोनों मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### पुलिस कार्रवाई से नाराज पीड़िता ने पी कीटनाशक

**बिलासपुर।** पुलिस की कार्रवाई से नाराज छेड़खानी मामले की पीड़िता ने कीटनाशक पी लिया। परिजन के द्वारा उन्हें सिविल लाइन क्षेत्र के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह ने बताया, 23 दिसंबर को क्षेत्र की रहने वाली एक महिला के घर में घुसकर सुलौनी के सरपंच धनेश साहू छेड़खानी करने लगा। किसी तरह वह उसके चंगुल से छूटकर भागते हुए थाना पहुंचकर घटना की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर सरपंच के खिलाफ छेड़खानी का मामला दर्ज कर लिया है। उसके बाद 24 दिसंबर को आरोपी सरपंच धनेश साहू को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया। उसके बाद सरपंच में गांव में घूम फिर रहा था। 30 दिसंबर को पीड़िता आरोपी सरपंच के खिलाफ पुलिस के द्वारा कार्रवाई नहीं करने से नाराज होकर कीटनाशक पी लिया। परिजन के द्वारा उन्हें सिविल लाइन क्षेत्र के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। हास्पिटल से पीड़िता के भर्ती होने की सूचना सिविल लाइन पुलिस को दी गई है।

---

**निगम सालाना पांच लाख रुपए खर्च का करता है दावा** | **शहरवासी मच्छरों से बचने के लिए सालाना दो करोड़ रुपए से अधिक करते हैं खर्च**

# निगम तोड़ रहा रिकार्ड, फागिंग-लार्वा कंट्रोल का टेंडर, चौथी बार निरस्त



**बिलासपुर।** निगम ने फागिंग और लार्वा कंट्रोल के लिए जारी टेंडर अब तक चार बार निरस्त किया है। हर बार कुछ नया कारण निगम द्वारा बता दिया जाता है। इस कारण डेढ़ साल से लार्वा कंट्रोल की मुहिम बंद है और मच्छरों की संख्या अनियंत्रित हो चली है।

निगम प्रशासन दिखावे के लिए फॉगिंग मशीन चलवाता है, लेकिन इससे मच्छरों की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ता। लोग परेशान, बीमार पड़ रहे हैं। हालात इतने बिगड़ गए कि निगम सालाना पांच लाख रुपए खर्च कर मच्छर उन्मूलन का दावा करता है तो इधर शहरवासी मच्छरों से बचने के लिए सालाना दो करोड़ रुपए से अधिक खर्च कर रहे हैं। कई फागिंग मशीनों के खराब होने की बात भी सामने आ रही है। इधर स्वास्थ्य विभाग ने डेढ़ लाख रुपए का केमिकल देने के साथ ही निगम को 10 नई फागिंग मशीनें दीं थी। इसे सभी जोन आफिसों में भेजा गया था लेकिन वहां भी इन मशीनों को डंप कर दिया गया है। 70 वार्डों वाली न्यायधानी के लोग मच्छरों से परेशान हैं। घर हो या दफ्तर, दिन हो या रात, इनके प्रकोप से सभी त्रस्त हैं। नगर निगम ने महीनों से लार्वा कंट्रोल बंद कर रखा है। कुछ दिन पहले मच्छरों को मारने के लिए फॉगिंग मशीनें जरूर चलाई गईं लेकिन ये वीआईपी इलाकों तक सीमित होकर रह गई हैं। ज्ञात हो कि निगम सालभर में लार्वा कंट्रोल और फॉगिंग मशीनों पर 5 लाख रुपए सालाना खर्च कर रहा है। इसके विपरीत आम लोग मच्छरों से बचने के लिए लिक्विड, क्वाइल, टिकिया, स्पेयर आदि पर 2 करोड़ से डेढ़ करोड़ रुपए हर महीने खर्च कर रही है। एक कमरे में एक क्वाइल जलाने से 2 रुपए और 3 कमरों में 6-8 रुपए का रोजाना खर्च है।

### पार्षदों की देख-रेख में वार्डों में फॉगिंग

नगर निगम अधिकारी दावे कर रहे हैं सबकुछ बेहतर है। इसके उलट वार्ड के लोग सालों से परेशानी झेलने को मजबूर हैं। नगर निगम की फॉगिंग मशीन विशेष क्षेत्रों को छोड़कर कहीं दिखाई नहीं दे रही है, जबकि पूरे शहर में लोग मच्छरों से परेशान हैं। पहले सुबह और शाम को अधिक मच्छर होने की शिकायत करते थे, अब 24 घंटे मच्छर लोगों को काट रहे हैं। मच्छर पनपने का प्रमुख कारण नालियों में एंटी लार्वा की कमी है। साथ ही नियमित रूप से फॉगिंग भी नहीं की जा रही है। जानकारी के मुताबिक निगम की एक सबसे बड़ी मशीन हाईकोर्ट परिसर में लगाई गई है, जबकि एक मशीन वीआईपी के लिए रिजर्व है। इतना ही नहीं एक मशीन को इमरजेंसी के लिए सुरक्षित रखा गया है। अधिकारियों का कहना है कि पार्षदों की देख-रेख में वार्डों में फॉगिंग कराई जाती है। वहां से सब ओके मिलने के बाद ही कर्मचारी आगे बढ़ते हैं।

### जुगाड़ के दम पर चल रही फागिंग मशीनें

दूसरी ओर फागिंग मशीनों की देख-रेख और मेंटेनेंस के लिए कुछ नहीं हो रहा है। जुगाड़ के दम पर इसे चलाया जा रहा है। इसके साथ ही शहर में 8 जोन हैं। एक जोन में कम से कम 3 मशीन हर दिन चलनी चाहिए लेकिन एक भी नहीं चल रही है। कर्मचारियों के मुताबिक हर दूसरे दिन मेंटेनेंस की जरूरत पड़ती है। ज्ञात हो कि 2014 से पहले 9 मशीनें खरीदी गई थी। बाद में 2016 में 4 प्लास्टिक बाडी वाली मशीनें खरीदी गई। इसमें से 2 मशीन खराब है।

### कराई जा रही फागिंग

पार्षदों की देख-रेख में वार्डों में फॉगिंग कराई जाती है। वहां से सब ओके मिलने के बाद ही कर्मचारी आगे बढ़ते हैं। कहीं से कोई शिकायत तो नहीं आई है। सभी जोन आफिस में फागिंग मशीनें उपलब्ध भी हैं। फागिंग और लार्वा कंट्रोल का टेंडर फाइनल नहीं किया गया है। फिलहाल विभागीय स्तर पर ही फागिंग कराई जा रही है।

**- खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

---

**बिरकोना स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का वाल्व फटने के कारण बढ़ी यह परेशानी**

# 300 करोड़ की योजना पटरी से उतरी, 9 वार्डों में पानी सप्लाई ठप, 60 हजार लोग प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम की 3 सौ करोड़ की जलापूर्ति व्यवस्था फिर पटरी से उतर गई है। बिरकोना स्थित अमृत मिशन के जल उपचार संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) के वाल्व चैंबर में खराबी आने के कारण 1 जनवरी को शहर के कई वार्डों में नल से पानी नहीं मिला। अधिकारियों के मुताबिक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का वाल्व फट गया है। इसके सुधार में एक सप्ताह का समय लगने की बात कही जा रही है। निगम के मुताबिक में इससे खास तौर पर व्यापार विहार पानी टंकी से पानी सप्लाई प्रभावित होगी और सुबह के समय ही पानी सप्लाई होगी। शाम के समय इसे बंद कर दिया जाएगा। इस तकनीकी समस्या के कारण तालापारा, मरी माई रोड, भारत चौक, कुम्हारपारा, ग्रीन पार्क कॉलोनी, अज्ञेय नगर, वार्ड नं. 27 विनोबा नगर, क्रांति नगर बैंक कॉलोनी, तारबाहर, शेष कॉलोनी और एफसीआई गोडाउन सहित 9 वार्डों में जलप्रदाय प्रभावित हुआ है और 60 हजार से अधिक लोगों को परेशानी हो रही है।

नगर निगम के मुताबिक शहर में अमृत मिशन के अंतर्गत कुल 22 पानी की टंकियों से जल आपूर्ति की जाती है। इनमें से व्यापार विहार, गणेश नगर और हेमू नगर की पानी टंकियों से 1 जनवरी को पानी की सप्लाई नहीं हो सकी। इसके सुधार कार्य में 5 से 6 दिन लगने का अनुमान है। बताया जा रहा है कि बुधवार की शाम को खूंटाघाट बांध से बिरकोना ट्रीटमेंट प्लांट के लिए जैसे ही पानी छोड़ा गया वैसे ही अधिक फोर्स के कारण ट्रीटमेंट प्लांट का वाल चैंबर फट गया। इसके चलते वहां पानी का बड़ा फव्वारा उठने लगा। हजारों लीटर पानी व्यर्थ बहने लगा। इसके बाद नगर निगम और अमृत मिशन की टीम ने मौके पर पहुंच कर वाल को बंद किया। इसके बाद आनन फानन में सभी पंप ऑपरेटरों को पुरानी व्यवस्था के तहत टंकियों को भरकर जलापूर्ति करने संदेश भेजा गया।



संजय नगर तालापारा में पानी के लिए जद्दोजहद करतीं महिलाएं व बच्चे।

### पहले भी सामने आ चुकी है समस्या



निगम ने फिर से सभी टंकियों को बोर से भरकर सभी को अपने अपने क्षेत्र में जलापूर्ति करने कहा है। गौरतलब है कि इसके पहले भी अमृत मिशन के पाइप लाइन के पानी के फोर्स से उखड़ने के कारण शनिचरी में जलभराव की स्थिति निर्मित हुई थी। इससे पहले 23 नवंबर को नहर रिपेयरिंग के कारण 19 दिनों तक पानी की सप्लाई बंद रही थी। अब 20 दिन बाद वाल्व खराब होने से टंकियों में पानी नहीं भर पाएगा, जिससे साल के पहले दिन ही लोगों को नहाने और पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ेगा। नगर निगम के जल विभाग के अधिकारी अनुपम तिवारी का कहना है कि वार्डों के 40 पंप चालू किए जाएंगे और टैंकरों से पानी पहुंचाया जाएगा। टैंकर चालकों की छुट्टी रद्द कर दी गई है और सभी को सुबह से ड्यूटी पर आने का निर्देश दिया गया है। त्रिवेणी टंकी की क्षमता 21 लाख लीटर है। यह टंकी तालापारा, मगरपारा, कुम्हारपारा, फकीर मोहल्ला और यादव मोहल्ला से जुड़ी है। इस क्षेत्र में 5 किमी पाइपलाइन है और टंकी से पानी छोड़ने पर करीब 7 लाख लीटर पानी पाइपलाइन में ही भर जाता है।

### डब्ल्यूटीपी में यह खराबी आई है

नल जल विभाग के प्रभारी अनुपम तिवारी ने बताया कि खूंटाघाट बांध से सप्लाई सामान्य रूप से हो रही है, लेकिन बांध से आने वाले पानी को ट्रीटमेंट के लिए जिस फिल्टर प्लांट में भेजा जाता है, उसके पहले वह सेटलर टैंक में जाता है। इसी टैंक का वाल्व चैंबर खराब हो गया है, जिसके कारण पानी फिल्टर प्लांट में नहीं पहुंच पा रहा है। जब तक यह खराबी दूर नहीं हो पाएगी, तब तक पानी की सफाई नहीं हो पाएगी और सप्लाई प्रभावित रहेगी। प्रभावित वार्डों में लोगों को टैंकरों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि व्यापार विहार को छोड़कर शेष पानी की टंकियों से पूर्व की व्यवस्था के अनुसार ट्यूबवेल के जरिए पानी भरकर आपूर्ति सुचारू रखी जाएगी।

### सुधार में लग सकता है एक सप्ताह

अधिकारियों ने बताया कि सेटलर टैंक के वाल्व में खराबी को ठीक करने के लिए पहले कांक्रीट तोड़कर नया वाल्व लगाना होगा। इसके बाद फिर से कांक्रीट करनी पड़ेगी। इस पूरी प्रक्रिया में एक सप्ताह तक का समय लग सकता है। इस दौरान पानी की सप्लाई ठीक से नहीं हो पाएगी। ज्ञात हो कि अमृत मिशन की सप्लाई शुरू होने के बाद ट्यूबवेल से पानी की सप्लाई बंद कर दी गई थी, लेकिन दो महीने में यह दूसरा मौका है जब शहरवासी ट्यूबवेल पर निर्भर होंगे। ट्यूबवेल से सभी वार्डों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है। ऐसे में नए साल में कम पानी और लो प्रेशर की समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

### 3-4 दिन लगेंगे सुधार में

बिरकोना वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का वाल चैंबर फटने के कारण अमृत मिशन योजना का पानी सप्लाई फिलहाल प्रभावित हुआ है। सभी पंप ऑपरेटरों को मरम्मत कार्य पूर्ण होने तक पहले की तरह टंकियों को पंपों से भरकर अपने अपने क्षेत्र में जलापूर्ति कराने कहा गया है। सुधार कार्य जारी है जिसमें 3-4 दिन समय लग सकता है।

**- अनुपम तिवारी**, जल शाखा प्रभारी

---

# अलग-अलग घटनाओं में 5 लोगों पर चाकू से हमला



अस्पताल में भर्ती युवक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कड़ी सुरक्षा के बाद भी 31 दिसंबर की रात अलग अलग घटनाओं में पांच लोगों पर चाकू से हमला कर दिया गया है। घायलों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, 27 खोली हनुमान मंदिर निवासी ओमप्रकाश धोबी पिता स्व. साधराम धोबी 31 दिसंबर की रात अपने घर लौट रहे थे। रात 3.40 बजे जाय रेसीडेंसी के सामने दिलीप सूर्यवंशी मिला और बीड़ी मांगने पर गाली गलौज करने लगा। गाली से मना करने पर हाथ झापड़ से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया, जिससे हाथ में चोट आई है। दूसरी घटना में सिरगिट्टी नयापारा निवासी अमित मरावी पिता जगदीश मरावी 31 दिसंबर की रात 9 बजे खाना खाने के बाद घर के सामने घूम रहे थे। उसी समय पुरानी रंजिश को लेकर रोहन मण्डावी उर्फ कादर ने गाली गलौज कर चाकू से कमर के नीचे हमला कर दिया है। तीसरी घटना में सिरगिट्टी निवासी सूरेश यादव पिता मुन्ना यादव ने बताया, 31 दिसंबर की रात 12 बजे मोहल्ले के दो युवक उसे गांजा पीने के लिए घर से बुलाए और गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। इसी दौरान बोदन्नी नामक युवक ने चाकू से हमला कर दिया। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। चौथी घटना में तोरवा निवासी अजीत विश्वास पिता अरविंद विश्वास ने बताया, 31 दिसंबर की रात घर के पास नए साल के स्वागत में पटाखा फोड़ रहे थे। गली में गांजा बलराज ध्रुव को गांजा बेचने से मना किया तो बलराज ध्रुव व उसके भाई बलबीर ने मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया है। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पांचवीं घटना में सरकण्डा बहतराई निवासी राघवेन्द्र प्रताप सिंह पिता राधेश्याम सिंह 31 दिसंबर की 7.20 बजे प्रिंस साहू उसका भाई शुभम साहू उनकी दुकान के पास आकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू व ईंट से हमला कर दिया है। पुलिस ने पांचों मामले में हमलावरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

---

# जिले में 18 हजार बीपीएल कार्डधारी संदेह के दायरे में

**बिलासपुर।** जिले में 18 हजार से भी ज्यादा बीपीएल श्रेणी के राशन कार्डों पर निरस्तीकरण की तलवार लटक सकती है। खाद्य विभाग द्वारा संबंधित राशन दुकानों को ऐसे हितग्राहियों की सूची भेजी गई है व माह के अंत तक इनसे शपथपत्र लेने को कहा गया है। निर्धारित समयावधि तक शपथ पत्र प्रस्तुत नहीं करने वाले हितग्राहियों के कार्ड निरस्त करने की कार्रवाई भी की जा सकेगी।

बीपीएल श्रेणी के 18 हजार 357 कार्ड धारियों पर राशन कार्ड निरस्त करने की कार्रवाई की सकती है। इन कार्डधारियों में केवायसी नहीं कराने, सौ साल की उम्र होने के कारण राशन नहीं उठा पाने वाले, निष्क्रिय आधार संख्या वाले, छह माह से एक साल तक राशन का उठाव नहीं करने वाले, पांच एकड़ भूमि से अधिक का मालिकाना हक रखने वाले एवं सालाना छह लाख से अधिक की इंकम प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को इस श्रेणी में रखा गया है। खाद्य विभाग द्वारा इस श्रेणी के सारे हितग्राहियों की सूची संबंधित राशन दुकानों को भेजी गई है। इसके साथ ही निर्देशित किया गया है कि संबंधितों से 31 दिसंबर की स्थिति में शपथ प्रत्र प्राप्त कर लिया जाए। अन्यथा की स्थिति में संबंधितों के राशन कार्ड निरस्त करने की कार्रवाई भी की जा सकेगी। ज्ञात हो कि केंद्र व राज्य शासन के निर्देशानुसार खाद्य विभाग द्वारा इस संबंध में बीते एक साल से राशन कार्डधारियों की क्रॉस चेकिंग की जा रही है, ताकि जांच में सही और जरूरतमंद कार्डधारियों का पता लगाया जा सके।

■ **निरस्त किए जा सकेंगे कार्ड**

### शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा

पात्रता रखने वाले कार्डधारियों को समयसीमा में शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। शपथ पत्र प्रस्तुत करने या नहीं करने की स्थिति में अगली कार्रवाई हेतु सारे हितग्राहियों की जानकारी शासन को भेज दी जाएगी।

**-अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

---

# वेटनरी कालेज की सड़क पर खर्च होंगे 50 लाख, स्ट्रीट लाइट भी लगाने की तैयारी

**बिलासपुर।** कोनी स्थित वेटनरी कालेज जाने का मार्ग खस्ताहाल है। इसी साल से वेटनरी स्टूडेंट के लिए कालेज की पढ़ाई शुरू होने वाली है, ऐसे में कालेज प्रबंधन ने जल्द ही सड़क निर्माण की मंजूरी ले ली है। करीब 1 करोड़ 90 लाख खर्च कर सड़क, स्ट्रीट लाइट और डीन बंगला बनाया जाएगा। इसके टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, अधिकारियों के अनुसार जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

बताया जा रहा है कि जल्द ही यहां प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्त होगी और प्राथमिक स्तर पर कालेज संचालित किया जाएगा। राज्य का दूसरा पशु चिकित्सा कालेज जल्द ही संचालित होगा। इसकी कवायद तेज हो चुकी है। कालेज में निर्माण कार्य खत्म होने के बाद सड़क और बिजली की व्यवस्था की जा रही है। खास बात यह है कि कालेज पहुंच मार्ग बेहद खस्ताहाल है, इसके निर्माण के लिए यूनिवर्सिटी द्वारा 1.90 करोड़ का टेंडर किया गया है। सड़क निर्माण में 50 लाख खर्च होंगे, जिसमें 12 मीटर चौड़ाई और 900 मीटर लंबी सड़क बनाई जाएगी। यह मुख्य सड़क से जोड़ी जाएगी। साथ ही शोल्डर के तौर पर दोनों ओर 9 मीटर सड़क बनेगी। खास बात यह है कि कोनी स्थित 40 एकड़ जमीन पर 28 करोड़ की लागत से दाउ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के तहत कालेज का निर्माण किया गया है। इस साल से वेटनरी कालेज में एडमिशन भी शुरू होगा।

■ **जल्द ही प्रशासनिक अधिकारियों की होगी नियुक्ति**

### हो चुका है टेंडर

करीब 1.90 करोड़ रूपए की लागत से निर्माण कार्य होना है, टेंडर किया गया है, लेकिन अभी ठेकेदार नहीं आए है। सड़क, स्ट्रीट लाइट और एक रेसीडेंशियल बंगला भी बनाया जाना है।

**-के के मुखर्जी**, डीन, वेटनरी कालेज, कोनी

---

# जमीन विवाद में दमाद की हत्या पत्नी, ससुर, साले को कैद



**बिलासपुर।** कोर्ट ने जमीन विवाद में दमाद की हत्या करने वाले पत्नी, ससुर, साले को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

16 जुलाई 2022 को वेदपरसदा निवासी श्यामलाल साहू ने मस्तूरी थाने में उपस्थित होकर सूचना दी उनका दमाद खैरा निवासी संतोष साहू की छत से गिरकर उसकी मौत हो गई है। पुलिस के द्वारा मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। पीएम रिपोर्ट में खुलासा हुआ संतोष साहू की धारदार हथियार से हत्या की गई है। मस्तूरी पुलिस ने जांच में पाया संतोष साहू अपनी पत्नी राजेश्वरी साहू पर चरित्रशंका करता था और विवाद करने पर वह अपने मायके वेदपरसदा में आकर रह रही थी। मृतक ने ससुरालवालों को उनकी जमीन को खरीदने के लिए 8 लाख रुपए दिया था। वह जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए कहता था तो वे घुमा देते थे। घटना के दिन मृतक को फोन कर रजिस्ट्री कराने की बात कहकर अपने घर बुलाए और उस पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई थी। जांच के बाद पुलिस ने धारा 302, 34 के आरोपी पत्नी राजेश्वरी साहू, साला योगेश साहू, ससुर श्यामलाल साहू, दशोमती साहू को गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। मामला विचाराधीन के दौरान सास दशोमती साहू की मृत्यु हो गई। 30 दिसंबर को दशम अपर सत्र न्यायाधीश आदित्य जोशी ने दोनों पक्ष की गवाही सुनने के बाद आरोपी राजेश्वरी साहू, योगेश साहू, श्यामलाल साहू को आजीवन कारावास व 10 - 10 हजार रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं पटाने पर अतिरिक्त 6 - 6 माह सजा काटना होगा। शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक विजेन्द्र कुमार तिवारी ने पैरवी की है।

---

# दूसरी तहसीलों की रजिस्ट्री मुख्यालय में शासन को 46 लाख की अतिरिक्त कमाई

**दूसरी तहसीलों की रजिस्ट्री यहां होने पर 25 हजार अतिरिक्त भुगतान का प्रावधान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर से लगी विभिन्न तहसीलों की 184 जमीनों की रजिस्ट्री पक्षकारों के द्वारा जिला मुख्यालय में कराई गई है। ऐसे में पक्षकारों द्वारा शासन के नियमानुसार प्रत्येक रजिस्ट्री पर 25 हजार रूपए का अतिरिक्त भुगतान किया गया है। इन सभी रजिस्ट्रियों से शासन को 46 लाख रूपए का अतिरिक्त लाभ प्राप्त हुआ है।

शासन के निर्देशानुसार जिस तहसील में भूमि स्थित है उसकी बिक्री के दौरान रजिस्ट्री भी उसी तहसील में की जानी है। ऐसा इसलिए ताकि जिला मुख्यालय में पक्षकारों की अनावश्यक भीड़ न हो, वहीं तहसील स्तर पर स्थापित रजिस्ट्री कार्यालयों को भी शासन से मिले टारगेट की पूर्ति करने में आसानी हो। शासन ने निर्देश में यह भी स्पष्ट किया है कि किसी कारणवश पक्षकारों द्वारा तहसील की रजिस्ट्री जिला मुख्यालय स्थित कार्यालय में की गई तो पक्षकारों को निर्धारित के अलावा 25 हजार शुल्क का अतिरिक्त भुगतान करना होगा। जिले में जिला मुख्यालय में 6 दिसंबर 2024 से लेकर 3 दिसंबर 2025 तक 184 रजिस्ट्री ऐसी की गई है, जो तहसील में होनी थी, लेकिन मुख्यालय में की गई। इन रजिसट्रियों से शासन को 25 हजार प्रति रजिस्ट्री के हिसाब से 46 लाख रूपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ है। शासन द्वारा सभी रजिस्ट्री कार्यालयों को वार्षिक लक्ष्य प्रदान किया जाता है। ऐसे में संबंधित तहसील में रजिस्ट्री न कराकर जिला मुख्यालय स्थित कार्यालय में रजिस्ट्री करने से तहसील स्तर के कार्यालयों के राजस्व में कमी आ आती है। ज्यादातर पक्षकार शहर में ही निवास करते हैं, लेकिन शहर के आसपास अन्य तहसीलों में जमीन पसंद आने पर खरीदारी तो की जाती है, लेकिन रजिस्ट्री के लिए वे बाहर जाने से बचते हैं, बल्कि घर के करीब जिला मुख्यालय स्थित कार्यालय में ही रजिस्ट्री कराना चाहते हैं।

### शासन को हुई है राजस्व की प्राप्ति

पिछले एक वर्ष के भीतर ऐसी 184 जमीनों की रजिसट्रियां हुई हैं, जो अन्य तहसीलों में स्थित हैं। शासन के नियमों के अनुसार ऐसी प्रत्येक रजिस्ट्री के लिए 25 हजार शुल्क लिया गया है, जिससे शासन को निश्चित रूप से अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति हुई है।

**-आरके स्वर्णकार**, जिला पंजीयक

---

# ग्रामीण पर टांगी से जानलेवा हमला, गंभीर

**अम्बिकापुर।** कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम जिगनिया निवासी मुरारी 30 दिसंबर को अपने घर के समीप खुटा गाड़ रहा था। इसी दौरान गांव के ही जनार्दन आ. स्व. अमीन ( 45 वर्ष) आया और पूर्व में हुए विवाद की बात को लेकर खूंटा गाड़ने से मना किया जिससे दोनों के बीच विवाद बढ़ गया।

इसी बीच जनार्दन ने अपने पास रखे टांगी से उसके सिर पर जानलेवा हमला फरार हो गया। घटना को देख बेटी ने चाचा पुष्पराज को जाकर बताई। भाई ने तत्काल मौके पर पहुंच गंभीर पड़े भाई को बाइक से कुसमी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां घायल का उपचार जारी है। घटना की रिपोर्ट पुष्पराज ने कुसमी थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

---

# नए साल के जश्न में सरगुजावासी गटक गए 93 लाख से अधिक की शराब

**अम्बिकापुर।** पिछले साल की विदाई एवं नए साल की शुरूआत के दौरान सरगुजा में लोगों ने जमकर जश्न मनाया। पिछले साल की विदाई के जश्न में लोग एक ही दिन में 93 लाख से अधिक की शराब गटक गए। नए साल के जश्न में भी शराब की भारी मांग रही। नए साल के जश्न में भी लगभग एक करोड़ की शराब बिकने का अनुमान लगाया जा रहा है।

शहर सहित पूरे सरगुजा जिला में शराब के शौकीनों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। आबकारी विभाग के राजस्व की दृष्टि से शराब के शौकीनों की संख्या में वृद्धि होना अच्छी बात है। शराब के शौकीनों की संख्या जितनी अधिक बढ़ेगी उतना ही अधिक आबकारी विभाग को राजस्व मिलेगा लेकिन सामाजिक दृष्टि से शराब के शौकीनों की संख्या बढ़ना भविष्य के लिए बड़ा खतरा साबित हो सकता है।

जानकारों का कहना है कि नशा का उपयोग किसी के लिए भी लाभदायक नहीं हो सकता। इसके उपयोग से सेहत पर तो विपरीत प्रभाव पड़ता ही है व्यक्ति के मानसिक स्थिति में भी बदलाव आता है तथा इसका प्रभाव व्यक्ति के कामकाज एवं चरित्र पर पड़ता है। अभिजात्य वर्ग में शराब की पैठ काफी गहराई तक हो चुकी है। युवा पीढ़ी शराब के प्रति तेजी से आकर्षित हो रही है जो भविष्य में सामाजिक विकास में बड़ी बाधा साबित हो सकती है। खास अवसरों पर शराब का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। पुराने साल की विदाई एवं नए साल के स्वागत में जश्न मनाने की परंपरा भी तेजी से बढ़ रही है।

1 korba-pg5_Layout 1 1/1/2026 11:14 PM Page 1





## खबर संक्षेप



### स्नेह सदन में हुआ निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में आयुष विभाग द्वारा नगर के स्नेह सदन वृद्धाश्रम मे निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सभी वृद्ध जनों को विभिन्न जांच करते हुए चिकित्सा लाभ पहुँचाया गया एवं उन्हें आवश्यक दवाइयां, च्वनप्राश वितरित की गई। साथ ही रोग मुक्त रहने के लिए नियमित योग करने एवं खान पान पर विशेष ध्यान देने हेतु जागरूक किया गया।

### बनारस में इशिता कश्यप को मिला सम्मान




**कोरबा।** इशिता कश्यप को इन दिनों खुब बधाई मिल रही है अपनी एकल प्रस्तुति के दौरान इशिता आत्मविश्वास और ऊर्जा से भरे प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर देती हैं। अभी हाल ही में इशिता को शिव की नगरी के नाम से मशहूर बनारस में आयोजित अंतरराष्ट्रीय नृत्य संगीत प्रतियोगिता काशी विश्वनाथ नृत्य महोत्सव में अपनी विशेष प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया था, जहां इशिता को सम्मान स्वरूप पगड़ी पहना कर भारतीय नृत्य कला श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जो पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। यह आयोजन 27 एवं 28 दिसंबर को बनारस के दुर्गा कुंड के सामने श्री हनुमान प्रसाद पोद्दार भवन में आयोजित किया गया था, इशिता अपने गुरुओं के सतत मार्गदर्शन में निरंतर कत्थक के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों की प्रतिष्ठा में योगदान देती आ रही हैं। लगातार अभ्यास और समर्पण से उन्होंने इस कला में दक्षता प्राप्त की है।

### आज सुरक्षित तो आने वाले कल भी सुरक्षित : डिंपल

**कोरबा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार गुरुवार को बालिका गृह आईटीआई रामपुर में प्रोटेक्ट टू डे सोर्स टूमारो शीर्षक पर पर्यावरण संरक्षण के संबंध में आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण पृथ्वी के चारों ओर से ढकी एक मोटी चादर के समान है, जो पृथ्वी पर जीवन की रक्षा करता है। साथ-साथ जीवन जीने के लिए आवश्यक तत्व को बनाए रखने में मदद करता है। पर्यावरण संरक्षण मानवता की जिम्मेदारी है, प्रदूषण को कम करने और प्राकृतिक संसाधनों का सही तरीके से उपयोग करने की आवश्यकता है, ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया व उनकी देखभाल करने के संबंध में प्रेरित किया गया, पानी को व्यर्थ ना करें और उसे बचाने के तरीके अपनाये, हम सभी को अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करके पर्यावरण को बचाने में मदद करनी चाहिए क्यूंकि हमारा भविष्य इसी पर निर्भर करता है। उक्त शिविर में बालिका गृह के अधिक्षिका व समस्त कर्मचारी सहित लगभग 44 बच्चे उपस्थित रहे।

# वन भूमि पर वन अधिकारी द्वारा किया जा रहा बेख़ौफ़ कब्ज़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अलग खबर

कटघोरा क्षेत्र के अंतर्गत रामपुर (खुटरीगढ़) के नेशनल हाईवे बायपास मार्ग पर स्थित शासकीय वनभूमि पर अवैध कब्जे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों और सूत्रों के अनुसार इस भूमि पर ग्रीन पर्दा लगाकर लगातार निर्माण व घेराबंदी का कार्य किया जा रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि यह कब्जा किसी आम व्यक्ति द्वारा नहीं, बल्कि वन विभाग के ही एक अधिकारी द्वारा किए जाने की बात सामने आ रही है।

जानकारी के अनुसार विभाग के अधिकारियों तक इस अतिक्रमण की सूचना पहले ही पहुँच चुकी है, लेकिन इसके बावजूद कार्रवाई के बजाय मौन बनाए रखने से कई तरह के संदेह जन्म ले रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब विभाग के ही अधिकारी शासकीय भूमि पर कब्जा करेंगे, तो आम लोग नियमों का पालन कैसे करेंगे? एक ग्रामीण ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि पिछले कुछ समय से इस क्षेत्र में वनभूमि को लेकर अतिक्रमण की कोशिशें नियमित रूप से हो रही हैं, लेकिन विभाग की निष्क्रियता के कारण लोगों के हौसले और बुलंद हो गए हैं। जब इस मामले में रामपुर पंचायत के सरपंच प्रदीप सिंह से बात की गई तो उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम से अनभिज्ञता जताई। सरपंच ने कहा मुझे इस तरह के किसी कार्य की जानकारी नहीं है। यदि ऐसा कोई अतिक्रमण हुआ है तो यह पूर्णतः गलत है। शासकीय भूमि पर कब्जा करने से पहले पंचायत को जानकारी देना अनिवार्य है। मैं इस पर विभाग को सूचित करूँगा और उचित कार्रवाई की मांग करूँगा। सरपंच के इस बयान से साफ है कि स्थानीय प्रशासनिक इकाइयों को भी इस विषय में कोई औपचारिक सूचना नहीं दी गई, जो स्वयं में एक बड़ा प्रश्न खड़ा करता है।

## ग्राम पंचायत ने कब्जे का किया है विरोध



### विभाग की चुप्पी सवालों के घेरे में

यह पहली बार नहीं है जब इस इलाके में वनभूमि पर अवैध कब्जे के मामले सामने आए हों। लेकिन विभाग द्वारा लगातार चुप्पी साधे रखने और किसी भी तरह की औपचारिक कार्रवाई न किए जाने से लोग खुलकर अतिक्रमण करने से नहीं झिझक रहे। स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में कई स्थानों पर इस तरह के अवैध कब्जे मौजूद हैं, लेकिन वन विभाग की निष्क्रियता और उदासीन रवैये के कारण अतिक्रमणकारियों का मनोबल बढ़ा हुआ है।

## जिला सहित उपनगरीय क्षेत्रों के मंदिरों में भक्तों की रही भीड़

# मंदिरों में दिखी नववर्ष की भक्ति तो पर्यटन स्थलों में दिखा उत्साह



सर्वमंगला मंदिर के बाहर भक्तों की भीड़।



भवानी मंदिर में लगी भक्तों की कतार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नववर्ष का पहला दिन गुरुवार से शुरु हुआ भक्ति के दिन के रुप में पहचाने जाने वाले इस दिन नववर्ष की शुरुआत हुई और इस अवसर पर लोगों ने मंदिरों में जाकर माता के चरणों में सिर झुकाकर नववर्ष की शुरुआत की। मंदिरों में जहां नववर्ष की भक्ति नजर आयी तो वहीं सुदूर ग्रामीण अंचलों के पर्यटन स्थलों में नववर्ष का जबरजस्त उत्साह नजर आया। जहां लोग परिवार सहित नववर्ष के खुशियां मनाने जुटे हुए थे।

शहर के सर्वमंगला मंदिर, भवानी मंदिर और कौशिल्या धाम में सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं का आना जाना रहा। सर्वमंगला मंदिर में तो नववर्ष का पहला दिन नवरात्र के जैसा नजर आया। लंबी लाइन में हाथों में प्रसाद लिए महिला पुरुष की भक्ति नजर आ रही थी। इसी तरह भवानी मंदिर में दर्री क्षेत्र के अधिकांश श्रद्धालु पहुंचे हुए थे। देर शाम तक कौशिल्या धाम से लेकर भवानी मंदिर तक नववर्ष में देवी का आशीर्वाद लेने जुटे हुए थे। शहर के अलावा ग्रामीण अंचलों के पाली के प्राचीन शिवालय और चैतुरगढ़ स्थित आदि शक्ति मां महिषासुर मर्दिनी देवी मंदिर में गुरुवार को नववर्ष के पहले दिन भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने नए साल का पहला दिन भक्ति भाव और उल्लास के साथ मनाया। नववर्ष के पहले दिन दिन जहां मंदिर में भक्ति नजर आ रही थी वहीं पर्यटन स्थल बुका, सतरेंगा, देवपहरी, रानी झरना, परसाखोला, शंकर गुफा, अरेतरा नाला, डूमरडीह के साथ करतला क्षेत्र के मांड नदी का किनारे तो छुरी का झोराघाट पिकनिक मनाने पहुंचे लोगों के भीड़ से गुंजायमान हो रहे थे। भारी भीड़ के बीच युवाओं का उत्साह बच्चों की खेल एवं गीत संगीत के कार्यक्रम भी पर्यटन स्थल में आयोजित किये गये। शाम 4 बजे से पर्यटन स्थल से लोगों का लौटना शुरु हुआ। नव वर्ष के पहले दिन पाली के ऐतिहासिक पुरातात्विक व प्राचीन शिव मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी हुई थी। इसके अलावा शहर के शिव मंदिर, हनुमान मंदिर, शनि देव मंदिर, माँ शक्ति दाई मन्दिर, कोसगाई मंदिर एवं चैतुरगढ़ में आदिशक्ति मां महिषासुर मर्दिनी देवी मंदिर में दर्शन पूजन का लाभ उठाया और एक दूसरे को नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### मां मड़वारानी मंदिर में हुआ विशेष हवन अनुष्ठान



मड़वारानी। आदि शक्ति पर्वतवासनी मां मड़वारानी दाई मंदिर पहाड़ ऊपर मां मड़वारानी सेवा एवं जनकल्याण समिति मड़वारानी द्वारा प्रति वर्ष कि भांती इस पूजा अर्चना, हवन कर भोग प्रसाद खीर पूड़ी एवं सिद्ध श्री बजरंग बली मंदिर में भंडारा प्रसाद का श्रद्धालुओं को वितरण किया गया। समिति के सचिव विनोद कुमार साहू ने बताया कि गुरुवार की सुबह से ही माता मड़वारानी दाई के दर्शन करने श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। माता की पूजा हवन में यजमान श्रीमती सीमा विनोद कुमार साहू, आचार्य रमाकांत चौबे, व्यवस्थापक संतोष सोनी, पुजारी रूप सिंह, मनोहर कोषाध्यक्ष जेठू सिंह कंवर एवं समिति के अक्तिराम विश्वकर्मा, हरनारायण कंवर, डोरीलाल साहू, वैभव साहू एवं भजन मंडली रामायण प्रसाद, प्रमोद पटेल, रामदयाल उरांव, अनिल कुमार साहू, मोना सोनी, दिव्यांश सोनी शैलेंद्र, चतुर कश्यप, सहित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# दिगंबर जैन समाज ने पूजन विधान के साथ मनाया नववर्ष



पूजा अर्चना करते समाज के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दिगंबर जैन समाज के जैन मिलन समिति ने श्रीदिगंबर जैन मंदिर में नववर्ष पर श्री जी का अभिषेक, शांति धारा, भव्य पूजन एवं शांति विधान के साथ मनाया गया। दिगंबर जैन समाज ने 31 दिसंबर की रात्रि बेला में दिगंबर जैन मंदिर में जैन होजी, जैन भजन संध्या का कार्यक्रम संपन्न हुआ। उसके बाद रात्रि 10 बजे से प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का भक्तांमर पाठ किया गया। रात्रि 12 बजे जिनेंद्र भगवान की महाआरती की गई। सुबह 7:30 बजे से जिनेंद्र भगवान का श्रीजी का अभिषेक, शांति धारा, भव्य पूजन एवं शांति विधान किया गया। तत्पश्चात मंदिर प्रांगण में स्थित आचार्य श्री108 विद्यासागर महाराज, आचार्य श्री108 सन्मतिसागर महाराज, आचार्य श्री108 ज्ञानसागर महाराज, आचार्य श्री108 विरागसागर महाराज एवं क्षुल्लक श्री105 ज्ञानसागर महाराज की चरण पादुकाओं पर दिगंबर जैन समाज द्वारा पूजन एवं आरती किया गया। इस अवसर पर पर जैन मिलन समिति के वरिष्ठ सदस्य ओमप्रकाश जैन, वीरेंद्र नारद, डॉ प्रदीप जैन, दिनेश जैन, शांत कुमार जैन, तरुण नायक, आशीष जैन, दीपांशु जैन, मुकलेश जैन, प्रमोद जैन, नेमीचंद जैन, शीलचंद, अजीतलाल जैन, सुबोध जैन, अभिषेक जैन, अखिलेश जैन, देवेंद्र जैन, मुकुल जैन, रेणुनारद, स्नेहलता जैन, अंतिम जैन, रेखा जैन एवं रश्मि जैन उपस्थित थे।

# पूजा अर्चना के बाद बुजुर्ग महिलाओं को कंबल का किया वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार व हनुमान भक्तों के द्वारा गुरुवार को संकट मोचन हनुमान मंदिर बजरंग चौक सराईसिंगार में हनुमान जी की विशेष पूजा पाठ किया गया। इसके उपरांत खीर पुरी प्रसाद का वितरण किया गया। बुजुर्ग महिलाओं को ठंड से बचने के लिए कंबल का वितरण किया गया। साथ ही गरीब महिलाओं को साड़ी का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, पूर्व विधायक पुरषोत्तम कंवर, इंटक जिलाध्यक्ष श्यामू खुशाल जायसवाल, सरपंच लोकेश्वर कंवर, अध्यक्ष मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड निलेन्द्र राठौर, रामू जायसवाल, विजय साहू, चंद्रहास राठौर, गुलशन जायसवाल, रविश मिश्रा, हिमांशू जायसवाल, आयुष्मान जायसवाल, शिवलाल यादव, आशीष अग्रवाल, अशोक सोनी, श्रवण यादव, छोटेलाल पटेल, मन्नू राठौर, संबी जायसवाल आदि उपस्थित थे।

# उप संचालक समाज कल्याण पर प्रशांति वृद्धाश्रम के केयरटेकर पर धमकाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वमंगला मंदिर के समीप संचालित प्रशांति वृद्धाश्रम के केयअर टेकर को पंचायत समाज कल्याण के उप संचालक और परीविक्षा अधिकारी के द्वारा महिला वार्ड में अनाधिकृत रुप से प्रवेश करते हुए संस्था के केयरटेकर को धमकाये जाने का मामला सामने आया है। इस मामले की शिकायत संस्था के द्वारा कलेक्टर से की गई है।

**खास बात**

- संस्था ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

शिकायत पत्र में बताया गया है कि समाज कल्याण विभाग के उप संचालक हरीश सक्सेना एवं परिवीक्षा अधिकरी मुकेश दिवाकर द्वारा प्रशांति वृद्धाश्रम के महिला वार्ड में अनाधिकृत रूप से प्रवेश किया गया। दोनों अधिकारियों ने केयरटेकर बीरू यादव को बुलाकर धमकाना शुरू किया और कहा गया कि बुजुर्ग महिला सुखमत बाई बघेल को क्यों रखा गया है। हरीश सक्सेना ने प्रशांत वृद्धाश्रम के लोगों को नेतागिरी करने वाला बोलते हुए दबावपूर्वक बात की गई। दोनों अधिकारियों ने संस्था के पदाधिकारियों से बात करना भी जरूरी नही समझा। नवदृष्टि समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष ने कलेक्टर को की गई शिकायत में बताया कि बुजुर्ग महिला सुखमत बाई बघेल को महापौर द्वारा प्रशांति वृद्धाश्रम में भेजा गया था। सुखमत बाई बघेल समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित स्नेह सदन वृद्धाश्रम में निवास कर रहीं थीं। महापौर कार्यालय से सुखमत बाई बघेल को प्रशांति वृद्धाश्रम में भर्ती करने के दौरान जानकारी दी गई थी कि उन्हें स्नेह सदन वृद्धाश्रम में प्रताड़ित किया जा रहा है। इसलिए सुखमत बाई बघेल को प्रशांति वृद्धाश्रम में भर्ती किया जाए। बुजुर्ग सुखमत बाई बघेल द्वारा स्नेह सदन वृद्धाश्रम में प्रताड़ित किए जाने की शिकायत पुलिस में भी दर्ज कराई गई है। कलेक्टर को की गई शिकायत में यह भी बताया गया है कि समाज कल्याण विभाग के उप संचालक हरीश सक्सेना द्वारा प्रशांति वृद्धाश्रम के प्रति निरंतर उपेक्षित व्यवहार किया जा रहा है। पूर्व में भी दो बार समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धाश्रम के केयरटेकर को धमकाने का कार्य किया गया था। समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रशांति वृद्धाश्रम के कई दस्तावेज (रिकार्ड) भी ले लिए गए थे, जो वापस नहीं किए गए हैं।

**समझाइश देने गये थे**

वहां दो वृद्धाश्रम संस्थाएं चल रहीं हैं उनके बीच कुछ समय से वाद विवाद की स्थिति निर्मित हो रही थी। महापौर के कहने पर दोनों संस्थाओं के प्रमुखों को समझाइश देने गए हुए थे। संस्था की जानकारी महापौर को भी दे दी गई है।

-हरीश सक्सेना,
उप संचालक पंचायत समाज कल्याण

### नोटिस प्रकरणों में दस्तावेज अपलोड एवं सत्यापन के निर्देश

**कोरबा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के जारी निर्देशो के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के निर्देशन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने चारों विधानसभा के सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को एसआईआर मॉड्यूल- डिस्पोजल ऑफ हियरिंग के अंतर्गत नोटिस प्रकरणों में दस्तावेज अपलोड एवं सत्यापन सुनिश्चित किए जाने के सम्बंध में निर्देश दिए है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एसआईआर मॉड्यूल- डिस्पोजल ऑफ हियरिंग के अंतर्गत सभी नो मैपिंग प्रकरणों के लिए नोटिस जनरेट करने की सुविधा ईआरओ, एईआरओ लॉग इन में उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि इन सभी प्रकरण की सुनवाई किया जाना अनिवार्य है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## कलेक्टर ने नगर निगम क्षेत्र के निर्मित्त व निर्माणाधीन भवनों का किया निरीक्षण

# आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा नगर निगम का नवीन सभागार : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



निरीक्षण करते कलेक्टर एवं अन्य।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न निर्मित एवं निर्माणाधीन भवनों का निरीक्षण कर उनकी प्रगति एवं कार्यात्मक उपयोग की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने शेष निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने तथा भवनों को प्रभावी रूप से उपयोग में लाने हेतु अधिकारियों को विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में कलेक्टर ने नगर निगम के नवीन सभागार भवन का विशेष रूप से अवलोकन किया और निर्माण कार्य की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभागार के बाह्य हिस्से को आकर्षक स्वरूप देने हेतु रंग-रोगन एवं लाइटिंग व्यवस्था बेहतर करने, परिसर में गार्डन विकसित कर सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही सभागार के मुख्य द्वार पर एलईडी बोर्ड लगाए जाने के निर्देश भी दिए। सभागार के आंतरिक परिसर का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने मंच को थोड़ा विस्तृत करने, बेहतर वेंटिलेशन व्यवस्था, उच्च गुणवत्ता के ईको एवं साउंड सिस्टम पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने पब्लिक एवं मीडिया गैलरी की व्यवस्था को भी सुव्यवस्थित और सुविधाजनक बनाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, सभागार में कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन हेतु प्रोजेक्टर एवं स्क्रीन लगाने का प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया। कलेक्टर ने सभागार के विभिन्न कक्षों का अवलोकन करते हुए दीवारों एवं कॉरिडोर गैलरी को आकर्षक ढंग से सजाने एवं डेकोरेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपलब्ध समस्त कलेक्टर श्री दुदावत ने रिस्दी मार्ग में निर्मित पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर कन्वेंशन हॉल का निरीक्षण कर भवन की संरचना एवं संभावित कार्यात्मक उपयोग का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कन्वेंशन हॉल के आर्किटेक्चर प्लान का जायजा लिया और अधिकारियों से भवन के प्रभावी उपयोग को लेकर चर्चा की। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कन्वेंशन हॉल को विद्यार्थियों के लिए साइंस एग्ज़ीबिशन सेंटर के रूप में विकसित किया जाए, जिससे विज्ञान से जुड़े नवाचारों, प्रयोगों एवं प्रदर्शनों के माध्यम से विद्यार्थियों को शैक्षणिक लाभ मिल सके। साथ ही कलेक्टर ने कन्वेंशन हॉल को प्लेनेटेरियम सेंटर के स्वरूप में विकसित करने की संभावनाओं पर भी विचार करने के निर्देश दिए।

